प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 02.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केंद्रीय बजट 2026–27 में कृषि, पर्यटन, डेटा केंद्रों, इलेक्ट्रॉनिक्स, उन्नत विनिर्माण और हरित ऊर्जा पर विशेष ध्यान देते हुए 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की मजबूत नींव रखी गई है। केन्द्रीय बजट को लेकर प्रदेश में विभिन्न वर्गो की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय बजट को अर्थव्यवस्था को गति देने वाला और जन आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताया है। बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, विनिर्माण और एमएसएमई को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि ये नये भारत के निर्माण का बजट है।

......

इस बीच उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने केन्द्रीय बजट को लेकर आज अजमेर में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग का ध्यान रखा गया है।

0000

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने आज अपने आवास पर जन सुनवाई की। मुख्यमंत्री ने आमलोगों की परिवेदनाओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने पूर्व मंत्री और भाजपा के नेता हेमसिंह भड़ाना के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने शोक संदेश में श्री भडाना के निधन को दुखद बताते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा जनहित और प्रदेश के विकास को प्राथमिकता दी। पूर्व केबिनेट मंत्री श्री भडाना का आज सुबह अलवर में निधन हो गया। वे 59 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे।

श्री भडाना का अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गांव किशनगढबास के बघेरी में किया जायेगा। छात्र राजनीति से अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले श्री भड़ाना दो बार थानागाजी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रहे।

0000

प्रदेश में ऊर्जा संरक्षण और जागरूकता अभियान–सक्षम आयोजित किया जा रहा है। केन्द्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से तेल और गैस के बेलगाम उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है। 15 फरवरी तक चलने वाले संरक्षण क्षमता महोत्सव की थीम तेल और गैस बचाओ–हरित ऊर्जा अपनाओं रखी गई है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने प्रदेशवासियों से अभियान में सक्रिय सहभागिता की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिकों को दैनिक जीवन में ऊर्जा के दक्ष और किफायती उपयोग के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

0000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कुछ जगहों पर हुई बारिश और ओलावृष्टि के बाद आज कई स्थान घने कोहरे की चपेट में रहे। जयपुर, अजमेर, सीकर, चित्तौडगढ, कोटा, भरतपुर में देर तक धुंध छायी रही और दृश्यता काफी कम रही। मौसम विभाग ने आज 12 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट बताया है। वहीं अगले दो दिन सीकर सहित कुछ जिलों में घने कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस बीच श्रीगंगानगर के सूरतगढ में आज कोहरे के कारण एक ट्रोले और रोडवेज बस में टक्कर हो गई। पालीवाला में हुई इस दुर्घटना में ट्रोला चालक की मृत्यु हो गई और बस में सवार 6 अन्य यात्री घायल हो गए। उधर बेमौसम की बारिश और कडाके की ठंड से भीलवाडा और चित्तौडगढ जिले में अफीम किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश की इन गतिविधियों से अफीम की फसल को नुकसान पंहुचने की आशंका जताई जा रही है।

0000

देश की तीनों सेनाओं के लिए भविष्य युद्ध कौशल पाठ्यक्रम का तीसरा संस्करण आज से नई दिल्ली में शुरू हुआ। तीन सप्ताह के इस कार्यक्रम का उद्देश्य सैन्य अधिकारियों को आधुनिक युद्ध की

जटिल चुनौतियों के लिए तैयार करना है। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय और संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र के सहयोग से शुरू किया गया ये पाठ्यक्रम आधुनिक समय में युद्ध कौशल पर प्रौद्योगिकी के प्रभाव पर केन्द्रित है। इसमें महत्वपूर्ण विषयों का गहन अध्ययन, उभरती प्रौद्योगिकियों के व्यावहारिक प्रदर्शन और रक्षा बलों की क्षमता बढाने के लिए महत्वपूर्ण संस्थानों का दौरा भी शामिल है। पाठ्यक्रम में तीनों सेनाओं के प्रतिभागियों के साथ–साथ स्टार्टअप, एमएसएमई, रक्षा क्षेत्र के सार्वजनिक उपक्रम और निजी उद्योग सहित रक्षा उद्योग के प्रतिनिधि भी शामिल हैं।

0000

अंतर्राष्ट्रीय पत्थर उद्योग प्रदर्शनी स्टोन मार्ट 2026 जयपुर में 5 फरवरी से आयोजित की जायेगी। सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 8 फरवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में दुनियाभर से साढे चार सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। स्टोन मार्ट में देश विदेश के मार्बल, ग्रेनाईट, क्वाड्स और कोटास्टोन का प्रदर्शन किया जायेगा। पत्थर उद्योग के काम आने वाली मशीनरी और उपकरणों को भी मार्ट में दर्शाया जायेगा। इसमें विदेशी और घरेलु खरीदार शामिल होंगे। इनके लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पेवेलियन बनाये जायेंगे।

0000